विकसित औद्योगिक हब बन रहा है नर्मदापुरम

- डूब प्रभावित क्षेत्रों में रखी जाए विशेष सतर्कता : राकेश सिंह
- मंत्री ने की अपील आपदा से निपटने सभी तैयारी रखें

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 30 जून. लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के रेवासभा कक्षा में किया गया.

जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में कृषि, उद्योग, सड़क, आपदा प्रबंधन, उपार्जन, खाद वितरण सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई. प्रभारी मंत्री ने उद्योग विभाग एवं एमपीआईडीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नर्मदापुरम को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं.उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में नर्मदापुरम एक विकसित इंडस्ट्रियल हब के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा.उन्होंने जिले में बासमती चावल के उत्पादन एवं निर्यात की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.उन्होंने मोहसा हासा-बाबई क्षेत्र में प्रस्तावित फूड पार्क के लिए पूर्व में आवंटित उन भूखंडों की समीक्षा करने के निर्देश दिए, जहां अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है.ऐसे प्रकरणों में संबंधित संस्थाओं को नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. अधिकारियों ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है. इस वर्ष गेहूं उपार्जन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा किसानों के भुगतान के लिए 1504 करोड़ के ईपीओ जारी किए हैं. प्रभारी मंत्री ने शेष किसानों का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए.

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने, उनके उत्पादों के विपणन की व्यवस्था करने तथा प्रत्येक पंचायत में ऐसे किसानों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कृषि विभाग को प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर प्राकृतिक खेती के लाभ और प्रमाणन प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा.

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

जिले की आपदा प्रबंधन एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर संवेदनशील एवं डूब प्रभावित क्षेत्रों का पूर्व आकलन कर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए. उन्होंने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि जिले में वज्रपात से बचाव के लिए जल्द ही जनजागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी.बैठक में खरीफ सीजन के लिए खाद की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा भी की गई.

महिला ने मंत्री के सामने उठाया भुगतान का मुद्दा

मंगलवार को उस समय एक दिलचस्प स्थिति बन गई जब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की एक महिला सदस्य ने प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की गाड़ी के सामने आकर अपनी समस्या रख दी. यह घटना जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह और जिला योजना समिति की बैठक के बाद हुई. महिला ने मंत्री से हाथ जोड़कर बताया कि एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत उसने लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया था, लेकिन उसे न तो मानदेय मिला और न ही तार फेंसिंग का भुगतान किया गया. इसके अलावा आजीविका मिशन के तहत किए गए अन्य कार्यों का भुगतान भी लंबे समय से लंबित है.मंत्री राकेश सिंह ने महिला की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर ही कलेक्टर सोमेश मिश्रा को समस्या के समाधान के निर्देश दिए. इसके बाद डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह और नीता कोरी को मौके पर भेजकर जांच और कार्रवाई शुरू कराई गई. जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि महिला सखी के रूप में कार्यरत है और मामले की जांच कर जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा.

प्रभारी मंत्री ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का दिया संदेश

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय समापन समारोह में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने बादाम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत जन आंदोलन है. उन्होंने वर्षा जल संचयन, वाटर हार्वेस्टिंग और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की अपील की. कार्यक्रम में विधायक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. अभियान के दौरान 12 विभागों ने जल संरक्षण, पौधरोपण, अमृत सरोवर निर्माण, नदी-घाट सफाई, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और जल जागरूकता जैसी अनेक गतिविधियां संचालित कीं.

मूंग का दाना-दाना खरीदे सरकार

- विधायक रामकिशोर दोगने ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

हरदा, 30 जून. विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हरदा सहित प्रदेश के सभी मूंग उत्पादक किसानों की ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए जाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल 25 प्रतिशत उपज खरीदे जाने का निर्णय किसानों के हित में नहीं है.

डॉ. दोगने ने पत्र में उल्लेख किया कि मूंग एक उच्च लागत वाली नकदी फसल है, जिसके उत्पादन में किसानों को बीज, उर्वरक, सिंचाई, कृषि यंत्र और मजदूरी पर भारी खर्च करना पड़ता है. ऐसे में यदि पूरी उपज नहीं खरीदी गई तो किसानों को शेष फसल खुले बाजार में कम कीमत पर बेचनी पड़ेगी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होगा.

उन्होंने कहा कि हरदा सहित प्रदेश के कई जिलों के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं. यदि सरकार केवल 25 प्रतिशत उपज का ही उपार्जन करेगी तो इसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति और आगामी फसलों की तैयारी पर पड़ेगा.

विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग की 100 प्रतिशत उपज का समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं.

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

हरदा. ग्राम चारखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का जिला स्तरीय समापन समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में जल संरक्षण कार्यों की उपलब्धियां साझा की गईं तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों व लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. शाह ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जल है तो कल है और हर घर में वर्षा जल संचयन अपनाने की आवश्यकता है. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्रत्येक घर में अपनाने पर जोर दिया. कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने मुनगा एवं करंज के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

हरदा, 30 जून. जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए.

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. जनसुनवाई में टिमरनी के जोशी नगर के रहवासियों ने स्ट्रीट लाइट, पेयजल, बाउंड्रीवाल, चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की.

गुरूकृपा
डायग्नोस्टिक सर्विसेस एवं पैथोलॉजी लैब
डॉ. गौरख परूलकर
एम.डी. डीएनबी, पैथोलॉजिस्ट
डॉ. (श्रीमती) तेजल परूलकर
एम.डी. मेडिकल माइक्रो बायोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएँ
- हिस्टोपैथोलॉजी
- साइटोपैथोलॉजी
- रक्त रोगों की जाँच
- माइक्रो बायोलॉजी
- बायोकेमिस्ट्री
- सिरोलॉजी
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध
समय - प्रातः 8 से रात्री 8 बजे तक
रविवार अवकाश
परूलकर बाड़ा, यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया के पास, हरदा
संपर्क: 07577222574
9303602800, 7489297970
★ सटीक जाँच ★ सही रिपोर्ट ★ बेहतर स्वास्थ्य ★

जल संरक्षण का संकल्प ही बावड़ी उत्सव की सबसे बड़ी उपलब्धि : पाराशर

हरदा, 30 जून . मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित बावड़ी उत्सव का विकासखंड स्तरीय समापन कार्यक्रम रविवार को ग्राम उड़ा स्थित कालू बाबा बावड़ी पर आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश पाराशर ने कहा कि 'बावड़ी उत्सव का समापन केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि जल संरक्षण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का संकल्प है. जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन और स्वच्छता सुनिश्चित कर ही हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल उपलब्ध करा सकते हैं. जल है तो कल है.'

विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना और भूजल स्तर में सुधार करना है. जिला समन्वयक संदीप गौहर ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों का संरक्षण, वृक्षारोपण, जलग्रहण क्षेत्रों का विकास तथा जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा रहा है. परामर्शदाता दीनबंधु गौर, संजय ठाटे, सुरेंद्र चौहान, प्रहलाद नागवे, दीपांशु सोनी तथा प्रयास सामाजिक संस्था के प्रमुख नीरज गुर्जर उपस्थित रहे.

नपा के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त

नर्मदापुरम्, 30 जून. नगरपालिका से तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए. उन्होंने शासकीय सेवा में रहते हुए अपने कर्तव्य निष्ठापूर्वक निर्वहन किया. उनकी सेवानिवृत्ति पर नगरपालिका कार्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई.

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि कैलाश तिवारी, मनोहर कहार एवं शांति मंडल सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गई. नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

सेवानिवृत्त समारोह में पूर्व नपा उपाध्यक्ष अशोक कुशराम, पार्षद संदीप सिंह ठाकुर, स्मृति सोनी, दाताराम सगर, सुनील अवस्थी, सुनील राठौर, यशोदानंदन शर्मा, नंदा संतोरे, प्रेमलता यादव, गौरव वर्मा, आसिफ खान और अर्चना मंडल उपस्थित थे.

स्टाम्प विक्रेताओं की मनमानी पर शिकायत

इटारसी.क्षेत्र में स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा तय मूल्य से अधिक राशि वसूलने का मामला सामने आया है. इस संबंध में जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अमोल उपाध्याय ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ स्टाम्प विक्रेता आम जनता से स्टाम्प के निर्धारित मूल्य से डेढ़ गुना तक अधिक राशि वसूल रहे हैं.

TAPTI PHYSIOTHERAPY CLINIC & REHABILITATION CENTER
Reg. No. CL/7418/JUN-18
Dr. Kavita Pawar (Dahare) BPT, MPT (Neuro) Reg. No.-PG 2-35332 Specialists-Neuro & Ortho Rehabilitation
Dr. Gulshan Parihar M.B.B.S. MP- 36715 Gajra Raja Medical college, Gwalior
Dr. Prem Pawar (P.L. Dahare) B.E.M.S., D.M.L.T., D.Pharma C.H.W., DHCP (Dip. Allopaithy) Reg.No. 23-1109/10 Expert:- Critical Care - Advanced Ventilation
सुविधाएं ❒ अत्याधुनिक मशीनों एवं Exercise के माध्यम से दलाज SED ❒ tens ❒ Muscle Stimulator, ❒ Ultrasound therapy ❒ IFT ❒ Parallel bar द्वारा Arthritis ❒ Back Ache ❒ Joint Pain ❒ Frozen shoulder ❒ stiffness ❒ Post Operative Management ❒ Bells Palsy ❒ Paralysis etc... ❒ बच्चों को भाप, ब्लडशुगर जाँच, प्राथमिक उपचार
समय- सु. 08 से 12 बजे, शाम 05 से 10 बजे
मो. 9826730605
पता : काली मंदिर के बाजू में ग्वालटोली, नर्मदापुरम

एक नजर में

सीएमओ एक्शन मोड में, उतरीं सड़कों पर

इटारसी. शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने के लिए नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुरेखा जाटव पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आईं. पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि काम सिर्फ दफ्तर से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किया जाएगा. मंगलवार सुबह 6 :30 बजे सीएमओ ने मैदानी अमले के साथ शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और एक दर्जन से अधिक स्थानों पर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की. उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए और शहर के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता बताया .निरीक्षण के दौरान वे मुख्य सब्जी बाजार भी पहुंचीं, जहां उन्होंने कचरे के समय पर निपटान के निर्देश दिए और व्यापारियों से स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की. उन्होंने नागरिकों से कचरा केवल डस्टबिन या कचरा गाड़ी में डालने का आग्रह किया. वार्ड क्रमांक 32 के निरीक्षण में ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए 6 सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए उनका 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं.

स्कूल में दंत जांच शिविर, 70 छात्राओं का परीक्षण

इटारसी. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय सिविल अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नि :शुल्क दंत एवं मुख स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कुल 70 छात्राओं के दांतों और मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई. दंत चिकित्सक डॉ. हर्षिता सचदेव और डॉ. हेमलता दारा ने छात्राओं को दांतों की सही देखभाल, ब्रश करने की विधि और मुख स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिन छात्राओं में दंत संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें नि :शुल्क उपचार के लिए अस्पताल आने की सलाह दी गई. शिविर में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर विशेष जागरूकता दी गई. डॉ. सचदेव ने बताया कि तंबाकू मुख कैंसर और मसूड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है. कार्यक्रम के अंत में छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई गई.

41 साल की सेवा के बाद कर्मचारियों को विदाई

इटारसी, **30 जून.** नगर पालिका परिषद के सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए चार कर्मचारियों के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ और फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया.

सेवानिवृत्त होने वालों में बादामी लाल कहार (41 वर्ष से अधिक सेवा), नरेश कुमार धारू (25 वर्ष से अधिक), सुरेश नन्हें (36 वर्ष से अधिक) और श्रीमती उर्मिला श्रीराम (37 वर्ष से अधिक) शामिल रहे. कार्यक्रम में उनके लंबे सेवाकाल और समर्पण की सराहना की गई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना ही कर्मचारी की सबसे बड़ी पूंजी होती है. उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरुआत है, जिसमें अनुभव समाज और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनता है.

न्यू साहू हार्ट केयर हॉस्पिटल
New Sahu Heart Care NARMADAPURAM
सुरक्षित दिल, स्वस्थ जीवन - हमारी प्रतिबद्धता, आपका विश्वास
डॉ. मनोज कुमार साहू — एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. श्रीमती शीतल साहू — एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. बाल्य एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ
24/7 Emergency Services
• भर्ती • जाँच • दवा
शुगर ✓ ब्लड प्रेशर ✓ हार्ट ✓ लकवा ✓ सिरदर्द (माइग्रेन) ✓ सर्वदंश ✓ पोइजनिंग (जहर खुरानी)
उपलब्ध सुविधाएँ
- हृदय संबंधी समस्त जाँच एवं उपचार
- शुगर, ब्लड प्रेशर एवं थायराइड की जाँच एवं इलाज
- ई.सी.जी., इको, कलर डॉप्लर एवं एक्स-रे की सुविधा
- 24x7 आपातकालीन सेवाएँ
- स्वस्थ हृदय, बेहतर जीवन के लिए सम्पूर्ण देखभाल
समाजय बीमारियाँ एवं सभी प्रकार के बुखार की विशेषनीय जाँच एवं उपचार
उपलब्ध सेवाएँ
- हृदय रोग (हार्ट अटैक, दर्द, वाल्व रोग, बायपास की तैयारी एवं देखभाल)
- स्ट्रोक (लकवा), माइग्रेन, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस
- शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड एवं हार्मोन संबंधी रोग
- दमा, श्वास एवं अस्थमा संबंधित रोग
- बच्चों एवं नवजात शिशु रोगों का सम्पूर्ण उपचार
चर्च के पास, सदर बाजार, नर्मदापुरम | 9907228071, 07574-251217, 316518

Chhabariya DENTAL CLINIC —Put a Smile in Your Life—
invisalign PROVIDER
अब मेटल ब्रेसेज़ के बिना भी अपने दांतों को सीधा करें।
अत्याधुनिक इनविज़लाइन क्लियर अलाइनर्स के साथ पाएं आरामदायक, लगभग दिखाई न देने वाला और आधुनिक उपचार।
छाबड़िया डेंटल क्लिनिक में हम विश्व के अत्याधुनिक i-tero डिज़िटल डेंटल स्कैनर का उपयोग करते हैं, जिससे आपके दांतों की सटीक 3D मुस्कान योजना बनाई जाती है और बेहतर उपचार परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं।
लगभग अदृश्य
आरामदायक और आसान
कस्टमाइज्ड उपचार योजना
बेहतर और सटीक परिणाम
आज ही अपना अपॉइंटमेंट बुक करें और खूबसूरत मुस्कान की ओर पहला कदम बढ़ाएं!
In front of RBL bank, Anand Nagar, Narmadapuram
Chhabariyadentalclinic.com